[This question paper contains 8 printed pages.]

**1254**

*Your Roll No.* ............

*आपका अनुक्रमांक* ________

**JS**

# LL.B.

## V Term

Paper LB-5034

## INTELLECTUAL PROPERTY LAWS

*Time : 3 Hours* — *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* — *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.* **All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित पाँच प्रश्न कीजिये।*

**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. Attempt any **four** of the following :

(a) Define trade mark. Is domain name a trade mark ?

(b) State the conditions when a person can use a third party's trade mark on parts of the goods in relation to which trade mark is used by the third party's.

(c) 'A fair dealing with an author's work will not amount to infringement.' Explain.

(d) What are the classes of work in which copyright subsits.

(e) What is the object of patent system.

निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर लिखिए :

(क) व्यापार चिह्न की परिभाषा कीजिए । क्या डौमेन नाम व्यापार चिह्न होते हैं ?

(ख) उन स्थितियों का वर्णन कीजिए जब कोई व्यक्ति माल के उन हिस्सों पर अन्य पक्षकार का व्यापार चिह्न प्रयोग कर सकता है जिनके बारे में अन्य पक्षकार द्वारा उक्त व्यापार चिह्न का प्रयोग किया गया है ?

(ग) किसी लेखक की कृति के साथ खरा व्यौहार अतिलंघन के समान नहीं माना जाएगा । स्पष्ट कीजिए ।

(घ) किन श्रेणियों की कृतियों में लिप्यंतरणाधिकार मौजूद रहता है ?

(ङ) पेटेन्ट पद्धति का क्या उद्देश्य है ?

2. (a) 'A trade mark which is devoid of distinctive character cannot be registered.' Discuss with reference to judicial decisions.

(b) Can the following be registered as trade marks under Trade Marks Act, 1999.

(i) 'SUGAR FREE' for artificial sweeteners.

(ii) 'GANGA' for mineral water.

(क) "जिस व्यापार चिह्न में कोई सुभिन्न लक्षण नहीं है उसका रजिस्ट्रीकरण नहीं हो सकता।" न्यायिक विनिश्चयों के सन्दर्भ में विवेचन कीजिए।

(ख) क्या व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के अधीन निम्नलिखित को व्यापार चिह्न के रूप में रजिस्ट्रीकृत किया जा सकता है :

(i) कृत्रिम मिठास हेतु 'SUGAR FREE'

(ii) खनिज जल हेतु 'GANGA'

3. (a) What is the concept of originality under the Copyright Act, 1957 ?

(b) Explain with reference to decided cases, whether following works are copyrightable :

(i) a concept note prepared for making a television serial

(ii) head notes of a judgement in a law journal

(क) लिप्यंतरणाधिकार अधिनियम, 1957 के अधीन मौलिकता की क्या संकल्पना होती है ?

(ख) विनिश्चित केसों के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए कि क्या निम्नलिखित कृतियां लिप्यंतरणाधिकार योग्य हैं –

(i) टेलीविजन धारावाहिक के निर्माण हेतु तैयार किया गया संकल्पना-पत्र ।

(ii) विधि-पत्रिका में किसी निर्णय की शीर्ष टिप्पणियां ।

4. (a) Who is the owner of copyright under S. 17 read with S 2(d) of the Copyright Act, 1957.

(b) 'X' financed for recording of two Bengali songs. The music and lyrics of the songs were prepared by 'A' and 'B' respectively. The songs were sung by 'C'. 'X' gave commission to 'A', 'B' & 'C' for their work and also paid hire charges for the studio.

Who is the first owner of copyright in lyrics, musical work and sound recordings, with respect to the Bengali songs.

(क) लिप्यंतरणाधिकार अधिनियम, 1957 की धारा 2(d) के साथ पठित धारा 17 के अधीन लिप्यंतरणाधिकार का स्वामी कौन होता है ?

(ख) X ने दो बांग्ला गानों की रिकार्डिंग हेतु वित्तपोषण किया। उन गानों का संगीत तथा गीत क्रमशः A तथा B ने तैयार किए थे। गानों को C द्वारा गाया गया था। X ने A, B तथा C को उनके काम के लिए कमीशन दिया और स्टूडियो का किराया खर्च भी दिया।

उक्त बंगाली गानों के बारे में गीतों, संगीत रचना और ध्वनि रिकार्डिंग में लिप्यंतरणाधिकार का प्रथम स्वामी कौन है ?

5. (a) What is a patentable invention ?

(b) 'X' invented vapour form of the drug 'GLICINE'. The drug is available in market in tablet form as generic drug, used for treatment of Diabetes. The vapour form 'GLICINE' could be taken with the help of inhaler and was easy to use. It gave same effect as that of tablet 'GLICINE'. 'X' applied for patent for 'Vapour form Glicine'. 'Y' opposed the application on the ground that it is a non-patentable invention. Decide.

(क) पेटेन्ट योग्य आविष्कार क्या होता है ?

(ख) X ने 'GLICINE' औषधि का भाप रूप आविष्कृत किया। यह औषधि प्रजातिगत औषधि के रूप में टेबलेट के रूप में बाजार में उपलब्ध है जो डाइबिटीज़ के उपचार में प्रयुक्त होती है। GLICINE का भाप रूप में इनहेलर की सहायता से सेवन किया जा सकता है जिसका प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। इसका वही असर होता है जो टेबलेट रूप में GLICINE का होता है। X ने भाप रूप में GLICINE के पेटेन्ट के लिए अर्जी दी। Y ने अर्जी का इस आधार पर विरोध किया कि यह आविष्कार पेटेन्टयोग्य नहीं है। विनिश्चय कीजिए।

6. 'A' is using 'BETADINE' as trade mark for medicinal and pharmaceutical products since 1960. 'B' started using 'BEECTADINE' as trade mark for the similar products from 2005. 'A' after knowing about 'B''s use filed a suit for restraining 'B' from using the mark 'BEECTADINE' on the ground that the mark is deceptively similar to his mark 'BETADINE'. Argue the case for 'A' and refer to decided cases.

What are the factors to be considered in deciding the question of deceptive similarity of trade mark.

A अपने औषधीय तथा भैषजिकीय उत्पादों के लिए 1960 से व्यापार चिह्न के रूप में 'BETADINE' का प्रयोग कर रहा है। B ने उसी तरह के उत्पादों के लिए 2005 से व्यापार चिह्न के रूप में 'BEECTADINE' का प्रयोग करना शुरू कर दिया। A ने B द्वारा प्रयोग की जानकारी मिलने के बाद इस आधार पर B को BEECTADINE चिह्न का प्रयोग करने से अवरूद्ध करने के लिए वाद फाइल कर दिया कि उक्त चिह्न की उसके चिह्न BETADINE के साथ धोखा देने वाली समरूपता है। A की ओर से इस मामले में बहस कीजिए तथा विनिश्चित केसों को निर्दिष्ट कीजिए।

व्यापार चिह्न की धोखा देने वाली समरूपता के प्रश्न का विनिश्चय करने में किन-किन कारकों पर विचार करना पड़ता है ?

7. What is a design ? What are the grounds on which a design can be cancelled. Explain with reference to statutory provisions and judicial decision in *Bharat Glass Tube Ltd.* V. *Gopal Gas Works Ltd.*, 2008(37) PTC 1(SC).

डिज़ाइन क्या होती है ? वे क्या आधार हैं जिन पर कोई डिजाइन रद्द की जा सकती है ? कानूनी उपबन्धों और *भारत ग्लास ट्यूब लिमिटिड* बनाम *गोपाल गैस वर्क्स लिमिटेड* 2008 (37) पी टी सी 1 (एस सी) केस में न्यायिक विनिश्चय के सन्दर्भ में स्पष्ट कीजिए।

8. (a) Differentiate between passing off & infringement of trade marks.

(b) 'X' has registered the trade mark 'ALEN DOLEN' for readymade garments, shoes, sport goods, furniture and other products in many countries. He is selling the goods through a chain of retail stores since 1960 and has attained international reputation. 'X' has registered the mark 'ALEN DOLEN' in India for the above goods except for furnitures (but registered for similar products viz office equipments) in 1995 and being renewed thereafter. 'Y' started selling furniture with the trade mark 'ALEN DOLEN' from May 2000 in India. 'X' gave notice to 'Y' in 2003 to stop using the mark. 'Y', however continued to use the mark impugned in question. 'X' filed the suit for passing off and infringement against 'Y'. 'Y' contended that 'X' is not selling furniture in India. Secondly, 'X' is in the retail business and there can be no question of having international reputation with respect to products. Decide refering to judicial decisions.

(क) व्यापार चिह्न के चला देने (Passing off) तथा अतिलंघन के बीच अन्तर बताइए।

(ख) X ने सिले-सिलाए वस्त्रों, जूतों, खेल-सामान, फर्नीचर और अन्य उत्पादों के लिए कई देशों में 'ALEN DOLEN' व्यापार चिह्न रजिस्ट्रीकृत कराया है। वह 1960 से उक्त माल को खुदरा स्टोरों की श्रंखला के माध्यम से बेच रहा है तथा वह अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि पा चुका है। X ने फर्नीचर को छोड़कर उपर्युक्त वस्तुओं के लिए

'ALEN DOLEN' चिह्न को 1995 में भारत में रजिस्ट्रीकृत करा लिया (किन्तु फर्नीचर के समरूप उत्पाद अर्थात् कार्यालय उपस्कर को भी रजिस्ट्रीकृत करा लिया) था और उसके पश्चात उसका नवीकरण भी कराया जा रहा है। Y ने भारत में मई 2000 से 'ALEN DOLEN' व्यापार चिह्न के साथ फर्नीचर बेचना शुरू कर दिया। X ने Y को उक्त आक्षेपित चिह्न के प्रयोग को बन्द करने के लिए 2003 में नोटिस दिया मगर Y ने आक्षेपित चिह्न का प्रयोग करना जारी रखा। X ने Y के विरूद्ध चला देने (Passing off) तथा अतिलंघन का वाद फाइल कर दिया। Y ने प्रतिवाद किया कि X भारत में फर्नीचर नहीं बेच रहा है। दूसरे, X खुदरा कारबार करता है तथा कोई प्रश्न ही नहीं हो सकता है कि उक्त उत्पादों के बारे में उसको अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है। न्यायिक विनिश्चयों को निर्दिष्ट करते हुए विनिश्चय कीजिए।